>

Title: Regarding situation arising out due to oil leakage from the Sukren Ship MV Rak in Mumbai.

डॉ. संजीव गणेश नाईक (ठाणे): महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहूंगा। आपने अखबारों में पढ़ा होगा और टीवी पर भी देखा होगा कि कुछ दिन पहले मुंबई के नजदीक एमवी रैक नामक एक जहाज डूब गयी। उसके डूबने से समुद्र में करीब 60,000 टन से ज्यादा कोयला और 350 टन से ज्यादा ऑयल आ चुका है। इसकी वजह से गुजरात से लेकर से गोवा तक, चेयरमैन साहब, आपकी कांस्टीट्वेंसी तक, यह ऑयल समुद्र में फैल चुका है। अलग-अलग जगहों पर उसके सैम्पल भी कलेक्ट किए गए हैं। दो दिन पहले मैंने पर्यावरण मंत्री जी का बयान सुना कि इसके बारे में जांच चालू है। मैं विनती करूंगा कि पिछले साल इस दरम्यान इस प्रकार का हादसा हुआ था, उसके बारे में शासन की ओर से, सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए गए, जिसका नतीजा यह हुआ कि इस साल भी इस तरह का हादसा हुआ है। वहां लाखों मछुआरे हैं जो समुद्र में जाते हैं। इन दिनों में खासकर मछलियों के अण्डे समुद्र के किनारे डाले जाते हैं। हमें डर है इस बात की हजारों-लाखों की तादाद मछलियां मर सकती हैं। मैं सरकार से विनती करूंगा कि पिछले साल में श्री जयराम रमेश जी ने खुद सदन में अपनी बात कही थी, मैं इस बार भी चाहता हूं कि सदन में पर्यावरण मंत्री जी अपना बयान रखें।